# हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 23 दिसंबर 2023

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]


तापमान

अधिकतम 23 डिग्री

न्यूनतम 13 डिग्री


4 बिना अनुमति ठेकेदार ने शासकीय भूमि से किया सैकड़ों ट्रैक्टर मिट्टी का खनन




## खबर संक्षेप

### 25 को मनाया जाएगा सुशासन दिवस

**एमसीबी।** पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर 25 दिसंबर को प्रतिवर्ष सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य भारत के नागरिकों के मध्य सरकार की जवाबदेही के प्रति जागरूकता पैदा करना है। जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा के पूर्व सभी ब्लाकों में 25 दिसंबर को सुशासन दिवस मनाए जाने के लिए स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत अटल चौक की साफ-सफाई और पुताई तथा सामूहिक श्रमदान, स्वच्छता शपथ, हाथ धुलाई इत्यादि की गई। इसमें सरपंच, पंच, सचिव, बच्चे, टीचर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन एवं ग्रामवासी सभी ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। सभी ग्रामवासियों को स्वच्छता के लिए जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान स्कूली बच्चों तथा स्वयं सहायता महिला समूह के द्वारा विकसित भारत के तत्वाधान में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण रैली निकाल के ग्रामीणों का स्वच्छता के लिए जागरूक किया गया।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भर्ती में फर्जी दस्तावेज

**जनकपुर।** एमसीबी जिले के भरतपुर परियोजनांतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर कार्यकर्ता की नियुक्ति किए जाने का शिकायत कलेक्टर से किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कन्नौज निवासी दयाशंकर केवट ने गत सप्ताह मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर कलेक्टर को शिकायत पत्र प्रस्तुत कर उल्लेख किया है कि आंगनबाड़ी केन्द्र कन्नौज में ग्राम भरतपुर निवासी एक महिला की नियुक्ति फर्जी निवास प्रमाण पत्र एवं फर्जी अंकसूची के आधार पर नियुक्ति की गई है। अंकसूची में विद्यालय एवं परीक्षा केन्द्र का उल्लेख कहीं नहीं होने से प्रथम दृष्टया संदिग्ध प्रतीत होता है। इसके साथ ही कई अन्य लोगों की भी फर्जी अंकसूची के आधार पर नौकरी दिलाया है, जिसकी जांच में खुलासा हो जाएगी।

### 26 को मनाया जाएगा वीर बाल दिवस

**बैकुंठपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बताया कि 26 दिसंबर को पूरे देश में वीर बाल दिवस मनाया जाएगा। माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घोषणा की थी कि 26 दिसंबर को अंतिम सिख गुरु गोबिंद सिंह के चार बेटों, साहिबजादे के साहस को श्रद्धांजलि देने के लिए वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाएगा। यह चारों बालक मुगलों के हाथों शहीद हो गए थे। इसी की याद वीर बाल दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देश व महिला एवं बाल विकास विभाग के समन्वय से 22 से 26 दिसंबर तक वीर बाल दिवस मनाया जाना है। इसके अंतर्गत स्कूल, बालगृह, कॉलेजों में बहादुरी के विषय पर चित्रकला, पठन, गायन, कविता, निबंध गतिविधियों का आयोजन कराया जाना है। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल बैकुंठपुर, शा.कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर तथा बालगृह (बालक) बैकुंठपुर में वीर बाल दिवस के अवसर पर चित्रकला, पठन, गायन, कविता, निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

### 64 बोरी अवैध धान लोड पिकअप जब्त

**बिहारपुर।** नायब तहसीलदार संजय शर्मा के नेतृत्व में राजस्व अमले ने बीती रात सीमावर्ती सीमा पर 64 बोरी अवैध धान लोड एक पिकअ को जब्त किया है। नायब तहसीलदार श्री शर्मा ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश पर राजस्व अमला सीमावर्ती क्षेत्र के भ्रमण पर थे। इस दौरान रात में मध्यप्रदेश के सिंगरौली की तरफ से आ रहे पिकअप क्रमांक 64 टी 8385 को रोक कर जांच की गई तो उसमें 64 बोरी धान मिला। चालक द्वारा धान के संबंध में कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराने पर धान लोड पिकअप को जब्त किया गया है।

## भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष रह चुके हैं जायसवाल

# केबिनेट मंत्री बने श्याम बिहारी, जिले में जश्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय के केबिनेट में 9 मंत्रियों ने शुक्रवार को अपने पद की शपथ ले ली है। इस मंत्रिमंडल में पहली बार मनेन्द्रगढ़ विधानसभा को जगह मिली है। यहां से दूसरी बार निर्वाचित विधायक श्याम बिहारी जायसवाल को मंत्री बनाया गया है।

■ पहली बार मनेन्द्रगढ़ विधानसभा से केबिनेट में मिली जगह

एमसीबी जिले के मनेन्द्रगढ़ विधानसभा सीट से विधायक श्याम बिहारी जायसवाल के मंत्री बनने के बाद से गृहग्राम रतनपुर खड़गवां समेत जिलेभर में जश्न का महौल व्याप्त है। उल्लेखनीय है कि जनपद सदस्य के रूप में राजनीति की शुरूआत करने वाले श्याम बिहारी जायसवाल मनेन्द्रगढ़ विधानसभा से दूसरी बार विधायक बने हैं। मंत्री बनने वाले श्री जायसवाल एक सामान्य नेता के रूप में राजनीति में आए थे। भाजपा विधायक और कैबिनेट मंत्री श्री जायसवाल ने एमएससी रसायन शास्त्र की पढ़ाई की है। वे सबसे पहले जनपद पंचायत खड़गवां से जनपद उपाध्यक्ष चुने गए, फिर मनेन्द्रगढ़ से विधायक सहित कई चुनाव में प्रभारी के रूप में दिखाई दिए। विधायक बनने से पहले वे भाजपा ग्रामीण में एक सक्रिय नेता के रूप में जाने जाते थे। विधानसभा चुनाव में संभाग की सभी 14 सीटें जीतने वाली भाजपा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को नेतृत्व का मौका दिया।

### मनेन्द्रगढ़ विधानसभा से पहले मंत्री



श्याम बिहारी जायसवाल मनेन्द्रगढ़ विधानसभा से पहले मंत्री बने हैं, इससे पूर्व श्री जायसवाल 2013 से 2018 तक इस सीट से विधायक रह चुके हैं। विधायक के रूप में उनका कार्यकाल बेहद लोकप्रिय रहा। श्री जायसवाल पहले इस सीट से विधायक दीपक पटेल सहित कई विधायक रह चुके हैं, लेकिन आज तक इस सीट से किसी विधायक को मंत्री पद का प्रभार नहीं दिया गया था। यहां के विधायक को मंत्री बनने के बाद से क्षेत्र में अलग ही उत्साह का माहौल बना हुआ है।

### ऐसा रहा राजनीतिक सफर

श्याम बिहारी जायसवाल एक सक्रिय भाजपा कार्यकर्ता के रूप में भाजपा में शामिल हुए, इसके बाद उन्हें वर्ष 2009 से 13 तक जनपद पंचायत खड़गवां के जनपद उपाध्यक्ष के रूप में कार्य करने का दायित्व मिला, इसके बाद उन्होंने 2013 से 18 तक मनेन्द्रगढ़ विधायक के रूप में कार्य किया। इस बीच वर्ष 2015 बिहार विधानसभा चुनाव में तारापुर विधानसभा जिला मुंगेर में प्रभारी बनाए गए। वर्ष 2013 से आज तक सरस्वती शिशु मंदिर खड़गवां के अध्यक्ष बने हुए हैं। 2020 से 22 तक भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष का प्रभार मिला। 2020 मरवाही विधानसभा चुनाव में दक्षिण मंडल का प्रभारी बनाया गया। 2021 असम विधानसभा चुनाव में जोरहाट विधानसभा में प्रभारी बनाए गए। 2022 उत्तरप्रदेश विधानसभा चुनाव में हर गांव व लहरपुर विधानसभा जिला सीतापुर में प्रभारी बनाए गए। 2022 खैरागढ़ विधानसभा उप चुनाव में मंडल प्रभारी के रूप में कार्य किया। वर्तमान में विधायक और केबिनेट मंत्री के रूप में चयनित हुए हैं।

### जानिए जीवन परिचय

केबिनेट मंत्री और विधायक श्याम बिहारी जायसवाल का जन्म 1 अक्टूबर 1976 को हुआ था। इन्होंने अपनी ग्रेजुएशन तक की पढ़ाई शासकीय लाहिड़ी महाविद्यालय चिरमिरी से पूरी की है। श्याम बिहारी जायसवाल ने एमएससी रसायन शास्त्र की पढ़ाई की हुई है। स्वर्गीय सूरज दिन जायसवाल एवं श्रीमती चंद्रावती जायसवाल के पुत्र श्याम बिहारी का निवास वर्तमान समय में खड़गवां तहसील के ग्राम रतनपुर में है। विधायक श्री जायसवाल की पत्नी का नाम श्रीमती कांति जायसवाल एवं बच्चों का नाम कंचन उत्तम और अमित जायसवाल है।

### सरगुजा संभाग से हैं ओबीसी विधायक

नवनियुक्त मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का प्रोफाइल साधारण है। वे इसके पूर्व जनपद उपाध्यक्ष और मनेन्द्रगढ़ से एक बार विधायक रहे। दूसरी बार विधानसभा पहुंचे हैं। सरगुजा संभाग से ओबीसी चेहरा हैं। श्याम बिहारी जनप्रतिनिधि के अलावा संगठन में लंबे समय तक सक्रिय रहे। वह कलार समाज से आते हैं, जिसकी आबादी छग के अलावा मध्यप्रदेश में बहुतायत में है।

### एजुकेशन के लिए भी काम किया

वर्ष 2013 से 18 तक विधायक के पद पर रहते हुए श्याम बिहारी जायसवाल ने शहरी सहित ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले बच्चों को विज्ञान की शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने का काम किया था। साथ ही शासकीय लाहिड़ी महाविद्यालय चिरमिरी में स्नातकोत्तर विषयों की शुरूआत की। विधायक श्री जायसवाल ने मनेन्द्रगढ़ आवागमन के लिए साजा पहाड़ होते हुए मार्ग को डेवलप करने का कार्य किया। मॉडल स्कूल और कॉलेज की भी शुरूआत की।

किसान और राइस मिल है व्यवसाय-

मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य और भाजपा कोरिया जिला संगठन प्रभारी जैसे कई बड़े दायित्व भी मिल चुके हैं। हालांकि व्यावसायिक तौर पर श्याम बिहारी जायसवाल एक बेहद उन्नत कृषक और सूरज चंद्रा राइस मिल के मालिक है। ग्राम रतनपुर में ही श्याम बिहारी जायसवाल का पैतृक निवास होने के कारण यहां उनकी खेती हर भूमि में वे खेती का काम भी बखूबी करते हैं।



# 8 पंचायतों में पहुंचा विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ एमसीबी

विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ जिले के तीन विकासखंड़ के 8 ग्राम पंचायतों में पहुंचा। 21 दिसंबर को जिले के विकासखंड़ मनेन्द्रगढ़ के ग्राम पंचायत लोहारी, बड़काबहरा, सेमरा तथा केराबहरा और विकासखंड़ भरतपुर के ग्राम पंचायत बड़वार, कशौड़ा तथा विकासखंड़ खड़गवां के ग्राम पंचायत रतनपुर और कोटाया में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रचार रथ के ग्राम पंचायतों में गठित स्वागत समिति तथा उत्सव समिति के द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम स्थल पर ग्रामीण ने रथ में माध्यम से प्रधानमंत्री का संदेश सुना। उसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। केन्द्र सरकार की 17 प्रकार की फ्लैगशिप योजना आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्टीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना ग्रामीण, पीएम उज्जवला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल जल जीवन मिशन, गांवों का सर्वेक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों में तात्कालिक प्रौद्योगिकी के साथ मानचित्रण स्वामित्व, जन-धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम योजना, नैनो फर्टिलाइजर इसके अतिरिक्त सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन, एकलव्य आवासीय विद्यालय में पंजीयन, स्कॉलरशीप योजना, वन अधिकार पट्टा-व्यक्तिगत एवं सामूहिक, वन धन विकास केन्द्र शामिल है कि जानकारी अधिकारी-कर्मचारियों ने दी तथा उसका लाभ उठाने के लिए ग्रामीणों को प्रोत्साहित किया किया गया।



सड़क पर पलटा ट्रैक्टर।

# धान बेचने जा रहे किसान की ट्रैक्टर ट्राली पलटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले के सोनहत मार्ग पर ढलान के पास एक किसान की धान से भरी ट्रैक्टर ट्राली पलट गई। दुर्घटना में ट्रैक्टर पर सवार लोग बाल-बाल बच गए लेकिन ट्रैक्टर और किसान के धान को काफी नुकसान पहुंचा है।

■ 50 क्विंटल धान सड़क पर बिखरा

किसान जिले के छतरंग से ओड़गी उपार्जन केंद्र में धान बेचने जा रहा था जैसे ही ट्रैक्टर ट्रॉली सोनहत मार्ग पर ढलान के पास पहुंची और घाट के ऊपर चढ़ने लगी वैसे ही ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर पीछे की ओर लुढ़कने लगी ट्रैक्टर पर सवार लोगों ने जैसे तैसे कूद कर अपनी जान बचाई।

ट्रैक्टर पलटने से किसान का धान सड़क पर बिखर गया। सड़क पर ट्रैक्टर पलटने के कारण सड़क से जा रहे लोगों की भीड़ जमा हो गई। छतरंग निवासी किसान दुलर सिंह का कहना है कि ट्रैक्टर पलटने से आधे से ज्यादा धान खराब हो गया है। अब दूसरे वाहन की व्यवस्था कर उपार्जन केंद्र तक धान पहुचाएंगे। उल्लेखनीय है कि छतरंग के पास धान खरीदी केंद्र नहीं होने से किसान 120 किलोमीटर की यात्रा करके ओड़गी धान खरीदी केंद्र जा रहा था। इतने में हादसा होने के कारण किसान पर मुसीबत का पहाड़ टूट पड़ा है। वहीं सड़क पर धान बिखर जाने के कारण किसान के साथ आए लोगों ने धान इकट्ठा कर बोरियों में भरने लगे।

किसान का कहना है कि वह लगभग 50 क्विंटल धान लेकर ओड़गी उपार्जन केंद्र में धान बेचने जा रहा था। दुर्घटना होने के कारण आधे से ज्यादा धान सड़क पर बिखर गया इसके साथ ही ट्रैक्टर भी क्षतिग्रस्त हो गया है। छतरंग में उपार्जन केंद्र नहीं होने के कारण उसे मजबूरी में ओड़गी उपार्जन केंद्र आना पड़ा दूसरे रास्ते के कच्चा होने के कारण वह सोनहत के रास्ते होते हुए जा रहा था।

### पीएससी परीक्षा कल स्थगित

**बैकुण्ठपुर।** सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने जानकारी दी है कि संघ व राज्य लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कराए जाने के लिए विद्यार्थियों से ऑनलाईन एवं ऑफलाइन आवेदन आमंत्रित किया गया था, जिसकी परीक्षा 24 दिसंबर को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक था। अपरिहार्य कारणों से 24 दिसंबर को आयोजित उक्त परीक्षा को स्थगित की गई है। नए सिरे से समय सारणी की सूचना दी जाएगी।

# 12 घंटे में नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**मनेन्द्रगढ़।** नाबालिग के साथ दुष्कर्म का आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गया। 21 दिसंबर को स्कूल जा रही नाबालिग से आरोपी ने दुष्कर्म किया, इसके पूर्व भी एक नाबालिग के साथ रेप की वारदात को अंजाम दे चुका है।

4 वर्ष पूर्व रेप के दौरान आरोपी ने 4 वर्ष के मासूम बालक की हत्या कर दी थी। रेप के बाद मासूम को कुएं में फेंक दिया था। 21 दिसंबर को उसी मामले में आरोपी नाबालिग को ढाई वर्ष की सजा सुनाई गई है। इस संबंध में आयोजित प्रेसवार्ता में जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने बताया कि लगभग 11 वर्ष की बच्ची के साथ दुष्कर्म के अज्ञात आरोपी को 12 घंटे के अंदर अभिरक्षा में ले लिया गया। 21 दिसंबर को लगभग 1 बजे दोपहर में थाना पोंड़ी चौकी नागपुर को पीड़िता की मां से सूचना मिली कि ग्राम आमाडांड़ के पास उसकी कक्षा 5 वीं में पढ़ने वाली 11 वर्ष की पुत्री अपने 8 वर्ष के छोटे भाई के साथ स्कूल जा रही थी। लगभग 10 बजे दिन में एक अज्ञात आरोपी बच्ची के साथ गलत काम कर दिया है। सूचना मिलते ही उच्चाधिकारियों को सूचना दी गई, इस पर पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज अंकित गर्ग के द्वारा निर्देशित किया गया कि यह घटना अमानवीय तथा अत्यंत संवेदनशील है। इस पर त्वरित कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार करें। घटना स्थल पर तत्काल पुलिस अधीक्षक मनेन्द्रगढ़ सिद्धार्थ तिवारी, सीएसपी चिरमिरी श्रीमती दीपिका मिंज, थाना प्रभारी पोड़ी निरीक्षक एमएल शुक्ला, चौकी प्रभारी नागपुर दिनेश चौहान अपने दल-बल एवं सायबर टीम के साथ मौके पर पहुंची। रिपोर्ट पर पोंड़ी पुलिस द्वारा धारा 376 भादवि एवं पाक्सो एक्ट का अपराध दर्ज किया गया और पीड़िता को तत्काल चिकित्सा के लिए भेजा जाकर परीक्षण कराया गया।

■ आईजी गर्ग ने त्वरित कार्रवाई करने के दिए थे निर्देश

## 6 स्थानों पर लगा हेल्थ कैंप

# वनांचल पहुंचे कलेक्टर दुग्गा स्टॉलों का किया निरीक्षण

**जनकपुर।** जिले में निरंतर विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ सकारात्मक दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। जनहित एवं जनकल्याण के लिए प्रारंभ यह यात्रा ज्यादा से ज्यादा लोगों के बीच पहुंचे, इसके लिए जिला प्रशासन ने कार्यक्रम के 8 स्थल चयनित किए और प्रत्येक चयनित क्षेत्र में दो-दो जगह शिविर लगाए। जिले के विखं जनकपुर ग्राम जुइली तथा रांपा पहुंचा। तीनों विकासखंड़ में दो पाली में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इसी प्रकार केन्द्र व राज्य की योजनाओं के लिए विभागों द्वारा लगाए सभी स्टॉलों में लगातार ग्रामीण जन लगातार अधिक संख्या में शामिल हो रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार कल के विकसित भारत संकल्प यात्रा में जिला से सभी 6 स्थानों पर हेल्थ कैंप लगाए गए थे। इसमें लोगों द्वारा गैर संचारी रोग बीपी, शुगर इत्यादि, सिकल सेल रोग और टीबी जैसी बीमारियों का इलाज किया गया। क्यूआर कोड से स्कैन प्रतियोगियों ने लिया क्विज कॉम्पिटिशन लिया भाग-विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में देवल कुमार निवासी परेवाडोल, गोपाल कारे निवासी जनकपुर, विरेन्द्र निवासी जनकपुर, अरूण कुमार निवासी ग्राम दूधासी, आदित्य निवासी जनकपुर तथा मनोज निवासी जनकपुर ने विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ में लगे क्यू आर कोड को स्कैन कर क्वीज प्रतियोगिता में भाग लिया। 20 दिसंबर को कलेक्टर श्री दुग्गा जिले के दूरस्थ विकासखंड़ भरतपुर के ग्रामीण अंचल ग्राम पंचायत रांपा पहुंचे। रांपा के विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने घूम-घूम कर विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा अधिकारी एवं कर्मचारियों को केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को ग्रामीण जन तक पहुंचाने संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों तथा ग्रामीण जन को विकसित भारत की शपथ दिलाई। इस दौरान एसडीएम मूलचंद चोपड़ा, सीएमओ सुरेश तिवारी, जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा, महिला एवं बाल विकास अधिकारी राज कुमार खाती, समाज कल्याण अधिकारी रमेश सिन्हा, तहसीलदार मनहर राठिया, यादवेन्द्र कैवर्त, जनपद सीईओ अनिल कुमार अग्निहोत्री सहित विकसित भारत संकल्प यात्रा के नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

# टेली लॉ स्कीम की विद्यार्थियों को शिविर में दी गई जानकारी




**चिरमिरी।** स्वामी आत्मानंद विद्यालय हिन्दी माध्यम खड़गवां में शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं को भारत सरकार के न्याय विभाग द्वारा संचालित टेली लॉ स्कीम के तहत शिविर के माध्यम से जानकारी प्रदान की गई कि वे किस तरह से च्वाईस सेंटर में जाकर अपनी कानूनी समस्याओं को लेकर समाधान ले सकते हैं।

टेली लॉ पेनल लायर श्रीमती पुष्पा गुलकरी के द्वारा शिविर में लोगों को जागरूक रहने व किसी भी योजना व कानून के संबंध में सलाह सकते हैं, इसके लिए विभागों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। च्वाईस सेंटर में अपने फेस का रजिस्टेशन कर सकते हैं, जहां उन्हें कानूनी सलाह निःशुल्क पेनल लॉयर के द्वारा दिया जाता है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य प्रमोद पाण्डेय, एमआर अंसारी, श्रीमती आशा गुलफरी, पार्वती गोयन, रामाकांत ठाकुर, प्रियंका पैकरा, करूणा कर शेट्टी, सुमन सिंह चौहान, सोनिया पाण्डेय, नारायण यादव, सुरेन्द्र चौहान, राजेद्र वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री ने ली पहली वीडियो कॉफ्रेंसिंग

# कोरोना का प्रभाव: स्वास्थ्य विभाग समुचित व्यवस्था करे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्रीगण अरूण साव, विजय शर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को सभी जिला कलेक्टर, स्वास्थ्य अधिकारियों से वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से देश में बढ़ रहे कोरोना को लेकर विचार-विमर्श एवं दिशा-निर्देश जारी किए गए।

श्री साय 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस पर पूरे प्रदेश में सुशासन दिवस के रूप में मनाने के निर्देश दिए। वहीं किसानों को वर्ष 2014-15 एवं 2015-16 का बकाया धान का बोनस राशि वितरण भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि किसानों के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी इस अवसर पर आमंत्रित किया जाए। स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव श्रीमती रेणु पिल्ले ने वीडियो कॉफ्रेंसिंग में बताया कि देश में लगातार कोरोना के प्रभाव बढ़ रहे हैं। इसी तारतम्य में प्रदेश के जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग को समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। विदित हो कि कोरिया में कोरोना को लेकर जिला स्वास्थ्य विभाग ने तैयारी की हुई है। ईसीटीएच कंचनपुर, एसईसीएल अस्पताल चरचा, जिला अस्पताल बैकुंठपुर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पटना तथा सोनहत में मरीजों के लिए 169 बिस्तर का अस्पताल है, वहीं आईसीयू 41 है, ऑक्सीजन युक्त बिस्तर 79, सामान्य बिस्तर 41 बच्चों के लिए आईसीयू 25, ऑक्सीजन कॉन्सेंट्रेटर 78 तथा पाइप लाइन 103 है। वीडियो कॉफ्रेंसिंग में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, संयुक्त कलेक्टर नीलम टोप्पो, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सेंगर उपस्थित रहे।




वीडियो कॉफ्रेंसिंग में उपस्थित अधिकारी।

# दो साल के बोनस वितरण पर होंगे आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ एमसीबी

छग शासन के निर्देशानुसार राष्टीय सुशासन दिवस 25 दिसंबर 2023 को जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के 14 आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों में वर्ष 2014-15 एवं 2015-16 में धान उत्पादन प्रोत्साहन योजना की राशि के वितरण के लिए कार्यक्रम आयोजित किया जाना है।

जिले के अंतर्गत विकासखंड़ स्तर का कार्यक्रम जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ के कृषि उपजमंडी प्रांगण चैनपुर, भरतपुर विकासखंड़ में जनकपुर सहकारी बैंक कैम्पस में एवं खड़गवां विकासखंड़ में जनपद कार्यालय प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। जिले के शेष 11 समितियों में समिति स्तर पर प्रमाण पत्र वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। धान उत्पादन प्रोत्साहन राशि का प्रमाण पत्र विशिष्ठ अतिथियों द्वारा हिग्राहियों को प्रदान किया जाएगा। वर्ष 2014-15 में दस समितियों के 3364 कृषकों को उनके उपार्जित धान 156934 क्विंटल के विरुद्ध 4 करोड़ 70 लाख एवं वर्ष 2015-16 के दौरान उक्त 10 समितियों के 1315 कृषकों को उनके 58126.80 क्विंटल धान के विरुद्ध 1 करोड़ 74 लाख रूपए राशि सीधे उनके बैंक खाते में अंतरण की जाएगी।

■ 4679 किसानों को 6 करोड़ 44 लाख की प्रोत्साहन राशि खाते में अंतरण की जाएगी

इस प्रकार उक्त दोनों वर्षों का कुल 4679 किसानों को 6 करोड़ 44 लाख रुपए प्रोत्साहन राशि प्राप्त होगी। विकासखंड़ स्तर पर आयोजित तीनों केन्द्रों पर मुख्यमंत्री के द्वारा लाभांवित किसानों से सीधा संवाद किया जाएगा। इसके लिए केन्द्रों पर टू वे इंटरनेट कनेक्शन युक्त डिस्प्ले की व्यवस्था किया जा रहा है। साथ ही शेष 11 समितियों में मुख्यमंत्री के संवाद का सीधा प्रसारण दिखाए जाने की समुचित व्यवस्था की गई है।

विदित हो कि जिले के 14 समितियों के 24 उपार्जन केन्द्रों में अभी तक 156767 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। इस वर्ष जिले के धान खरीदी का लक्ष्य 855890 क्विंटल निर्धारित किया गया है। शासन के नवीन निर्देशानुसार किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी की जा रही है। उक्त समस्त कार्यक्रम कलेक्टर नरेन्द्र कुमार दुग्गा के मार्गदर्शन में संपादित किया जाना है।

22 DEC- CORIYA -BHOOMI-PG-2_Layout 1 12/22/2023 8:09 PM Page 1





# सनी देओल के सफर में सलमान करेंगे कैमियो

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान, सनी देओल की आने वाली फिल्म सफर में कैमियो करते नजर आ सकते हैं। बताया जा रहा है कि सनी देओल जनवरी में फिल्म सफर की शूटिंग करेंगे। सफर एक बेहद दिल छू लेने वाली फिल्म होने वाली है, जो सनी देओल और एक चाइल्ड आर्टिस्ट की अलग-अलग मुश्किलों से भरे सफर की कहानी होगी। सनी देओल चाहते थे कि सलमान फिल्म में कैमियो करें। इसके लिए उन्होंने खुद कॉल कर उनसे कैमियो की रिक्वेस्ट की थी। सलमान खान कॉल पर ही फिल्म के लिए राजी हो गए। सलमान खान जनवरी 2024 में फिल्म सफर की शूटिंग करेंगे।



## लाइफ Style

# कनिका

## फिर आई हसीन दिलरुबा

तापसी पन्नू, विक्रांत मैसी और सनी कौशल स्टारर फिल्म फिर आई हसीन दिलरुबा की शूटिंग पूरी हो गई है। आनंद एल राय और भूषण कुमार द्वारा प्रस्तुत फिर आई हसीन दिलरुबा कनिका ढिल्लन द्वारा लिखी गई है और जयप्रद देसाई द्वारा निर्देशित है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

फिर आई हसीन दिलरुबा की शूटिंग पूरी हो गई है। यह फिल्म वर्ष 2021 में प्रदर्शित फिल्म हसीन दिलरुबा की सीक्वल है। कनिका ढिल्लों ने सोशल मीडिया पर फिल्म फिर आई हसीन दिलरुबा की रैप-अप पार्टी की कई तस्वीरें साझा की हैं। तस्वीरों में मुख्य कलाकार तापसी पन्नू, सनी कौशल और विक्रांत मैसी के साथ-साथ जिमी शेरगिल, आनंद एल राय, जयप्रद देसाई शामिल हैं। पोस्ट को साझा करते हुए, उन्होंने कलाकारों के साथ फिल्म के पूरा होने पर अपनी खुशी व्यक्त की। उन्होंने फिल्म निर्माता आनंद एल राय और टी-सीरीज़ के प्रबंध निदेशक भूषण कुमार को उनके सहयोग के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। बता दें कि कनिका ढिल्लों और रणविजय सिंह की आगामी वेब सीरीज 'मॉम एट वर्कः फ्रॉम डायपर्स टू डेडलान' का फर्स्ट लुक पोस्टर बुधवार को जारी हो गया है। इसमें कनिका और रणविजय लीड रोल में नजर आएंगे। इस सीरीज में कनिका आधुनिक कामकाजी महिलाओं की चुनौनियों को पेश करेंगी। कामकाजी महिलाएं मातृत्व की जिम्मेंदारियों को निभाते हुए और पेशेवर जिंदगी में किस तरह तालमेल बनाती चलती हैं, यह पहलू फिल्म में देखने को मिलेगा और पोस्टर में भी इसकी झलक नजर आ रही है।

## हॉलीवुड मसाला




# 'एक्सपैट्स' का ट्रेलर जारी

**लॉस एंजिलस।** प्राइम वीडियो ने हाल ही में 'एक्सपैट्स' का ट्रेलर जारी किया है। इसे लुलु वांग ने निर्देशित किया है। यह छह-भाग की सीरीज है। बता दें कि यह जेनिस वाई.के. ली के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सबसे ज्यादा बिकने वाले उपन्यास द एक्सपेट्रिएट्स पर आधारित है। सीरीज का प्रीमियर 26 जनवरी, 2024 को दो एपिसोड के साथ होगा, जिसमें 23 फरवरी तक नए एपिसोड लॉन्च होंगे। ट्रेलर के रिलीज होते ही यह सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है।




# 'रिबेल मून' बनाने के लिए कहां से मिली प्रेरणा?

**लॉस एंजिलस।** 'रिबेल मून पार्ट 1ः ए चाइल्ड ऑफ फायर' अपनी रिलीज के लिए तैयार है। जैक स्नाइडर की यह मूवी 15 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इसके बाद यह आज 22 दिसंबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। हाल ही में इसका ट्रेलर लॉन्च हुआ, जिसे दर्शकों का बेशुमार प्यार मिला। वहीं, अब जैक स्नाइडर 'रिबेल मून' के पीछे अपनी प्रेरणा और इसे जीवन में लाने की प्रक्रिया के बारे में बात करते देखे गए हैं। 'रिबेल मून' एक साई -फाई फिल्म है। फिल्म की कहानी आकाशगंगा के किनारे रहने वाले लोगों के जीवन पर आधारित है। वहीं, इसका सीक्वल 'रिबेल मून पार्ट 2ः द स्कारगिवर' 19 अप्रैल, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।



# विद्युत व नोरा की 'क्रैक' की शूटिंग पूरी...

**मुंबई।** विद्युत जामवाल और नोरा फतेही स्टारर फिल्म क्रैक की शूटिंग पूरी हो गई है। नोरा फतेही इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म क्रैक को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म में वह अभिनेता विद्युत जामवाल के साथ नजर आयेंगी। फिल्म क्रैक की शूटिंग पूरी हो गई है। नोरा फतेही ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर रैप-अप शूट की कई तस्वीरें शेयर की हैं। सेट पर नोरा बॉडीकॉन ड्रेस और डेनिम जैकेट में हाथ में क्लिप बोर्ड लेकर पोज दे रही हैं। एक तस्वीर में वह हाथों में गुलदस्ता लिए पोज रही हैं। फोटोज शेयर करते हुए नोरा फतेही ने कैप्शन में लिखा कि क्रैक की शूटिंग खत्म। पूरी टीम के साथ मेरा अनुभव बहुत ही खास रहा। मुझे एक लीड के रूप में लेने के लिए आदित्य दत्त, विद्युत जामवाल और पूरी टीम को शुक्रिया। मैंने सेट पर बहुत कुछ सीखा है।



# अरबाज 24 को शूरा संग करेंगे शादी...

**मुंबई।** अरबाज खान इन दिनों अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में अभिनेता का उनकी प्रेमिका जॉर्जिया एंड्रियानी संग ब्रेकअप हुआ है। अब अरबाज को नया प्यार मिल गया है। चर्चा है कि अरबाज मेकअप आर्टिस्ट शूरा खान को डेट कर रहे हैं और दोनों शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। रिपोर्ट के मुताबिक वह 24 दिसंबर को शूरा के साथ शादी करने वाले हैं। दोनों अपने परिवार के सदस्यों की मौजूदगी और करीबी दोस्तों के बीच शादी करेंगे। अरबाज और शूरा की शादी मुंबई में होगी। शूरा पेशे से एक मेकअप आर्टिस्ट हैं। वह अभिनेत्री रवीना टंडन और उनकी बेटी राशा थडानी के लिए मेकअप आर्टिस्ट के रूम में काम कर चुकी हैं। अरबाज और शूरा की पहली मुलाकात अभिनेता की आने वाली फिल्म 'पटना शुक्ला' के सेट पर हुई थी।

## टीवी मसाला





# 'गुम है किसी के प्यार में' शो में होगी पुनित की एंट्री..!

**मुंबई।** रियलिटी शो में अपने अभिनय से प्रसिद्धि पाने वाले पुनित पाठक अब स्टार प्लस के धारावाहिक गुम है किसी के प्यार में का हिस्सा बनने जा रहे हैं। शो के सेट पर पुनित को देखे जाने के बाद इस बारे में अटकलें तेज हो गईं। 'गुम है किसी के प्यार में' भाविका शर्मा, शक्ति अरोड़ा और सुमित सिंह मुख्य भूमिका में हैं। ऐसा माना जा रहा है कि पुनीत कुछ खास के लिए शो की लीड एक्ट्रेस भाविका शर्मा के साथ मिलकर काम करेंगे। हालांकि डांसर 'गुम है किसी के प्यार में' में नजर आएंगे या भाविका डांस प्लस प्रो में उनके साथ स्पेशल परफॉर्मेंस करने वाली हैं, ये अभी भी एक रहस्य है। डांस प्लस प्रो की बात करें तो ये डांस प्लस का सातवां सीजन है। ये शो रेमो डिसूजा और कप्तानों शक्ति मोहन, पुनित पाठक और राहुल शेट्टी के साथ शुरू होने के लिए पूरी तरह तैयार है। 'गुम है किसी के प्यार में' सीरियल में पहले नील भट्ट, आयशा सिंह और ऐश्वर्या शर्मा मुख्य भूमिका में थे। फिलहाल ये शो अब दूसरी पीढ़ी की कहानी दिखा रहा है जिसमें भाविका शर्मा, शक्ति अरोड़ा और सुमित सिंह मुख्य भूमिका में हैं।

## नए स्टार्स के साथ जल्द आ रहा 'दीया और बाती हम' का दूसरा सीजन...

**मुंबई।** ऐसा कहा जा रहा है कि 'दीया और बाती हम' का दूसरा सीजन



लॉन्च होने जा रहा है। टीवी शो 'जो आशिकाना' और 'नागिन' फेम खुशी दुबे इस शो के दूसरे सीजन में दीपिका सिंह की जगह ले सकती हैं। टीवी सीरियल 'दीया और बाती हम' पॉपुलर शो में से एक था। इस सीरियल में दीपिका सिंह और अनस रशीद लीड रोल में थे। रिपोर्ट के मुताबिक, शशि और सुमीत एक नए शो के लॉन्च की तैयारी कर रहे हैं जो एक आईएएस अधिकारी के इर्द-गिर्द घूमेगा। ऐसी अफवाह है कि नवनीत मलिक और आशीष दीक्षित दीया और बाती हम सीजन 2 में मुख्य भूमिका में ख़ुशी के साथ शामिल होंगे।

# उभरते सितारे : बाबिल, भुवन, ताहा शाह जैसे युवा अभिनेताओं ने ओटीटी में दर्शकों को कर दिया मंत्रमुग्ध

मुंबई। डिजिटल मनोरंजन की गतिशील दुनिया में, युवा कलाकार विभिन्न ओटीटी प्लेटफार्मों पर अपने असाधारण प्रदर्शन से धूम मचा रहे हैं। इस वर्ष प्रतिभा में वृद्धि देखी गई है, और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों में ऐसे नाम भी शामिल हैं जो तेजी से प्रतिभा का पर्याय बनते जा रहे हैं।

**बाबिल खान - द रेलवे मेन :** नेटफ्लिक्स के ॅद रेलवे मेनॅ में अपनी भूमिका के लिए सुर्खियों में आए बाबिल खान एक आकर्षक शक्ति के रूप में उभरे हैं। उनके निरंतर और सूक्ष्म प्रदर्शन ने, एक मजबूत स्क्रीन उपस्थिति के साथ, प्रशंसा अर्जित की है। दर्शकों ने बाबिल खान को एक अद्भुत अभिनेता के रूप में तुरंत पहचान लिया है, जो एक उल्लेखनीय करियर की शुरुआत का प्रतीक है।

**ताहा शाह बदुश्शा - ताजः डिवाइडेड बाई ब्लड :** नसीरुद्दीन शाह के दूसरे बेटे के रूप में वेब श्रृंखला ॅताजः डिवाइडेड बाई ब्लडॅ में कदम रखते हुए, ताहा शाह बदुश्शा ने मनमौजी और क्रूर राजकुमार मुराद का शानदार चित्रण किया, जो इस बहुचर्चित ऐतिहासिक श्रृंखला में एक असाधारण कलाकार थे। चरित्र की जटिलताओं को मूर्त



रूप देने और एक्शन दृश्य करने की उनकी क्षमता ने एक ऐसी प्रतिभा का प्रदर्शन किया जिसने उन्हें अलग खड़ा किया, दर्शकों पर एक स्थायी प्रभाव छोड़ा और एक ऐसे कलाकार के रूप में जो निकट भविष्य में दांव बढ़ाएगा।

**भुवन अरोरा-फर्जी :** फर्जी में शाहिद कपूर के साथ स्क्रीन साझा करते हुए, भुवन अरोड़ा ने अपनी समानांतर मुख्य भूमिका के साथ एक महत्वपूर्ण प्रभाव डाला। तेज़-तर्रार जीवनशैली से परिभाषित दुनिया में, अरोड़ा का प्रदर्शन गूंज उठा, जिससे वह एक घरेलू नाम बन गए। ॅफर्जीॅ की सफलता ने भुवन अरोड़ा को सुर्खियों में ला दिया है, जिससे एक उभरते सितारे के रूप में उनकी स्थिति मजबूत हो गई है।

**सिद्धांत गुप्ता - जुबली :** सिद्धांत गुप्ता ॅजुबलीॅ में अपनी भूमिका में एक आकर्षक आकर्षण लाते हैं। शुगर-लेपित आवाज़, शानदार लुक और शुरुआती अभिनय करियर में शायद ही कभी देखे गए करिश्मा के साथ, गुप्ता श्रृंखला में एक चुंबकीय गुणवत्ता जोड़ते हैं। डांस स्टेप्स, प्यार के क्षणों और गुस्से के विस्फोटों से भरा उनका चित्रण न केवल ॅजुबलीॅ की देखने योग्य क्षमता को बढ़ाता है बल्कि उनकी होनहार प्रतिभा को भी रेखांकित करता है।

जैसे-जैसे ये युवा कलाकार ओटीटी क्षेत्र में अपनी राह बनाते जा रहे हैं, उनका प्रदर्शन डिजिटल मनोरंजन के विकसित परिदृश्य के लिए एक प्रमाण के रूप में काम करता है। प्रतिभा, समर्पण और दर्शकों से जुड़ने की क्षमता के संयोजन के साथ, ये उभरते सितारे निस्संदेह ऑन-डिमांड स्ट्रीमिंग की दुनिया में अधिक ऊंचाइयों के लिए तैयार हैं। इन नामों पर नज़र रखें, क्योंकि ये मनोरंजन उद्योग के भविष्य को आकार देने वाले हैं।

# पंकज की फिल्म 'मैं अटल हूं' का ट्रेलर रिलीज ...




*मुंबई। जाने-माने एक्टर पंकज त्रिपाठी की फिल्म 'मैं अटल हूं' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म में पंकज देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की भूमिका में नज़र आएंगे। आज मुम्बई में पंकज त्रिपाठी, फिल्म के निर्देशक रवि जाधव, निर्माता विनोद भानुशाली और निर्माता संदीप सिंह की मौजूदगी में फिल्म का ट्रेलर जारी किया गया। यह फिल्म 19 जनवरी, 2023 को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। ट्रेलर लॉन्च के दौरान पंकज ने कहा कि उनके लिए अटल बिहारी वाजपेयी के किरदार को निभाना आसान काम नहीं था फिर भी मैंने अटलजी के किरदार को अच्छे ढंग से निभाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।*

## करण जौहर के शो में अजय देवगन ने पिता को लेकर किया चौंकाने वाला खुलासा

# एक्शन डायरेक्टर बनने से पहले गैंगस्टर थे मेरे पिता वीरू देवगन

*मुंबई। अजय देवगन बॉलीवुड के बेहद टैलेंटेड एक्टर्स में से एक हैं। अजय देवगन का हिंदी सिनेमा इंडस्ट्री में 30 साल से ज्यादा का करियर बेहद शानदार रहा है। उन्होंने इस दौरान 100 से ज्यादा फिल्मों में काम किया और कई ब्लॉकबस्टर फिल्में भी दीं। हाल ही में अजय देवगन करण जौहर के टॉक शो 'कॉफ़ी विद करण 8' में पहुंचे थे। इस दौरान अजय ने अपने पिता की बॉलीवुड में शुरुआत पर बात की साथ ही उनसे जुड़े कई चौंकाने वाले खुलासे भी किए।*

### घर से भागकर मुंबई पहुंचे थे वीरू देवगन

अजय देवगन ने करण जौहर के शो में बताया कि जब वह 13 साल के थे तो उनके पिता वीरू देवगन पुराने पंजाब स्थित अपने घर से भाग गए थे। वह बिना रेल टिकट के बंबई आये और उन्हें जेल में डाल दिया गया था। उनके पास कोई काम नहीं था और इसलिए वे दो रोटी का जुगाड़ भी नहीं कर पा रहे थे। अजय ने बताया कि एक दिन किसी ने वीरू की मदद करते हुए उनसे कहा कि अगर वह उसकी कैब को रोजाना साफ करेंगे तो वे उसमें सो सकते हैं।



### गैंगवारी के दौरान रवि खन्ना ने देखा लड़ते हुए

अजय ने कहा,"उनके पिता ने वहां से शुरुआत की और एक कारपेंटर बन गये। फिर वह सायन-कोलीवाड़ा इलाके के गैंगस्टरों में से एक बन गये। वे कारपेंटर भी थे और गैंगवार भी होती रहती थी। एक दिन एक बहुत सीनियर एक्शन डायरेक्टर रवि खन्ना वहां से गुजर रहे थे। बीच सड़क पर दो गैंग के गुंडों के बीच गैंगवार चल रहा था। श्री खन्ना ने कार रोकी और काफी देर तक लड़ाई देखते रहे। लड़ाई के बाद मेरे पिताजी को बुलाया और पूछा, 'आप क्या करते हैं?' और उन्होंने कहा, 'मैं एक कारपेंटर हूं तो उन्होंने एक बहुत अच्छी लाइन कही, 'तू लड़ता अच्छा है, कल आकर मुझसे मिलना' और उन्हें एक फाइटर बना दिया और वहीं से उन्होंने फिल्मी कॅरियर की शुरूआत की।

### वीरू ने 200 से ज्यादा फिल्मों को किया डायरेक्ट

बता दें कि वीरू देवगन ने 200 से ज्यादा फिल्मों के एक्शन सीक्वेंस को कोरियोग्राफ किया था। इनमें रोटी कपड़ा और मकान, मिस्टर नटवरलाल, फूल और कांटे और राम तेरी गंगा मैली सहित कई फिल्में ब्लाकबस्टर रहीं।

### अजय देवगन को सिंघम अगेन का इंतजार

अजय देवगन फिलहाल अपनी अगली फिल्म 'सिंघम अगेन' की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। फिल्म का निर्देशन अभिनेता के कॉफ़ी पार्टनर रोहित शेट्टी ने किया है । इसमें टाइगर श्रॉफ, करीना कपूर खान, रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण और अक्षय कुमार भी होंगे।सिंघम फ्रेंचाइजी की शुरुआत 2011 में हुई थी, जिसमें अजय देवगन ने लीड रोल प्ले किया था।

## खबर संक्षेप



### सचिव संघ के ब्लाक अध्यक्ष बने टिपेन्द्र

**पत्थलगांव।** ब्लाक सचिव संघ के टिपेन्द्र यादव बने अध्यक्ष गुरुवार को जनपद कार्यालय में हुए बैठक में सचिव संघ के अध्यक्ष रूप में सहमति बनी तद पश्चात टिपेन्द्र यादव को सर्व सम्मति से ब्लाक सचिव संघ के अध्यक्ष बनाया दीया गया इससे पूर्व में भी टिपेन्द्र यादव संघ के अध्यक्ष के रूप में कार्य कर चुके है। टिपेन्द्र यादव ने अध्यक्ष बनने के बाद कहा कि हम सभी सचिव के हितों का ध्यान रख कर सभी कार्य करेंगे सभी सीनियर सचिव और अन्य सचिवों के साथ मिल बैठ कर निर्णय लेकर सचिव संघ की भलाई के कार्य किये जाएंगे।

### आकस्मिक मृत्यु के 5 प्रकरणों में 20 लाख की राशि स्वीकृत

**जांजगीर-चांपा।** आपदा मृत्यु के 5 प्रकरणों में कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने 20 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृति दी है। जिले की तहसील बलौदा के ग्राम खारी के दुर्गेश कुमार बिंझवार की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके पत्नी श्रीमती सविता बिंझवार, तहसील जांजगीर के ग्राम गौद के गोकुल प्रसाद सूर्यवंशी की सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनके पत्नी श्रीमती त्रेवेनी सूर्यवंशी, ग्राम बिरगहनी के दिलीप पटवा की सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनकी मां श्रीमती बुधिया बाई, तहसील नवागढ़ के ग्राम महंत निवासी श्रीमती लछनबाई की सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनकी पुत्री श्रीमती अम्बे धीवर और तहसील मुख्यालय चांपा के ऋतुराज देवांगन की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके पिता अनिल कुमार देवांगन को राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार-चार लाख रूपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### मिशन शक्ति : विभिन्न संविदा पदों पर भर्ती के लिए आवेदन 24 तक

**जांजगीर-चांपा।** भारत सरकार ने महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम अंतर्गत महिलाओं के सुरक्षा, संरक्षण एवं सशक्तिकरण हेतु एक अम्ब्रेला योजना ''मिशन शक्ति'' की शुरुआत की है। मिशन शक्ति अंतर्गत मिशन शक्ति के दिशा-निर्देशों के अनुसार राज्य स्तरीय हब हेतु जिले में 8 स्वीकृत संविदा पदों जिला मिशन समन्वयक, जेन्डर विशेषज्ञ, वित्तीय साक्षरता एवं समन्वय विशेषज्ञ, कार्यालय सहायक, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर पीएमएमव्हीवाय, मल्टी टास्क की पूर्ति हेतु आवेदन 24 जनवरी तक कार्यालयीन समय 5.30 बजे तक जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग जांजगीर-चांपा में आवेदन आमंत्रित किया गया है।

### घर घुसकर मारपीट करने वाले 5 आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**जांजगीर-चांपा।** एक राय होकर घर अंदर घुसकर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करने वाले 5 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला अकलतरा थाना क्षेत्र का है। 19 दिसंबर को दोपहर करीब 1-2 बजे के बीच मे प्रार्थिया अपने पति व इसकी लडकी के साथ घर पर थे, उसी समय आरोपी विपिन उर्फ सुशांत अपने साथी नंदकिशोर राम उर्फ मोहन, उपेन्द्र कुमार, गोलू कुमार एंव विक्रम साकिनान सोनपुर बिहार के साथ चार पहिया स्कार्पियो वाहन में हाथो मे राड व डंडा लेकर सभी एक राय होकर प्रार्थिया के घर मे घुसकर मारपीट करने लगे। प्रार्थिया के चिल्लाने पर आस पास के लोगो को आते देख सभी आरोपी भाग गए। आरोपी विपिन उर्फ सुशांत, नंदकिशोर राम, उपेन्द्र कुमार, गोलू कुमार एंव विक्रम निवासी सोनपुर बिहार जो घटना घटित कर फरार हो गया था, जिसे कोरबा क्षेत्र से पकड़ कर पूछताछ की गई।

## जिले के 45 हजार से अधिक किसानों को मिलेगा आर्थिक लाभ

# 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

प्रदेश सरकार के आदेश के बाद, जिले में किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी शुरू कर दी गई है। विधानसभा चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी द्वारा दी गई मोदी की गारंटी की सूची में यह भी शामिल था। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर, शुरू हुई धान खरीदी से किसानों चेहरे में प्रसन्नता दिखाई दे रही है।

शहर के समीपस्थ गम्हरिया धान उपार्जन केन्द्र के संचालक राजेश साहू ने बताया कि रायपुर से धान खरीदी प्रक्रिया में इस्तेमाल किया जाने वाले साफ्टवेयर को अपडेट कर दिया गया है। उन्होनें बताया कि 21 दिसंबर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी के लिए टोकन जारी करने का सिलसिला शुरू हो गया है। पहले ही दिन 8 किसानों को टोकन जारी किया गया है। 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान बेचने के लिए टोकन प्राप्त करने वालों में जामटोली कि किसान ललिता बाई, राईपाठ की बसंती बाई, पोड़ी के निर्मल कुमार, जशपुर के श्याम किशोर तिवारी, पुरनानगर के तिलकधारी, जशपुर कि जतरी भगत, जुरगुम के विजय बिहारी और जुरतेला के संतोष सिंह शामिल हैं। किसान विजय बिहारी ने धान खरीदी की मात्रा बढ़ाने के विष्णुदेव सरकार के निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि इससे किसानों को अधिक आर्थिक लाभ हो सकेगा। ललिता बाई ने कहा कि सरकार के इस निर्णय से वे अधिक धान बेच कर, अपने परिवार का अच्छे तरीके से लालन पालन कर सकेगी।


किसानों के धान का हिसाब किताब करते ऑपरेटर।

### अब तक 3 लाख 75 हजार 664 क्विंटल धान खरीदी

21 दिसंबर तक जिले में 3 लाख 75 हजार 664 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। सबसे अधिक 36 हजार 207 क्विंटल किलकिला में, इसके साथ ही 23 हजार 700 क्विंटल धान, काइरो में पत्थलगांव में 21 हजार 78 क्विंटल, घरजियाबथान में 15 हजार 591 क्विंटल, कोनपारा में 20 हजार 986 क्विंटल किया गया है। चालू विपणन वर्ष में जिले को 23 लाख क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य दिया गया है।

### धान बेच चुके किसानों को भी मिलेगा अवसर

खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव टोपेश्वर वर्मा द्वारा जारी किए गए आदेश में स्पष्ट किया गया है कि धान खरीदी की सीमा बढ़ाए जाने से पहले, जो किसान, धान बेच चुके हैं, अगर वे अपने पंजिकृत रकबे के अनुसार शेष धान बेचना चाहते हैं, तो बेच सकते हैं।



## नेशनल हाइवे पर, भीषण सड़क हादसा, दो की दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ मरने वाले सगे भाई, पुलिस घटना स्थल पर

नेशनल हाईवे 43 में हुए सड़क हादसे में मोटरसायकिल सवार दो लोगों की मौत हो गई है। मरने वाले दोनों सगे भाई हैं। प्रताप स्कूल घोलेंग से गैदरिंग के प्रोग्राम से घर लौट रहे थे। मृतक ग्राम अगडीह के रहने वाले थे। घटना की सूचना पर पुलिस घटना स्थल पहुंच गई है।

### जनहानि के दो मामले में प्रभावित परिजन हेतु 8 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने प्राकृतिक आपदा में हुए जनहानि के 02 मामले में प्रभावित परिजन हेतु आरबीसी 6-4 के तहत 08 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिसके अंतर्गत जशपुरन विकासखण्ड के ग्राम गोरियाटोली, निवासी स्व. फुलमनी बाई का कुआं के पानी में डुबने से 15 अप्रैल 2022 को मृत्यु हो जाने के कारण मृतिका के निकटतम वारिस मृतिका के पुत्र सुमेश राम, मुनेश्वर भगत, रामवृक्ष राम, पुत्री सुमित्रा और मंजू हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई हैं।

## संकल्प पत्थलगांव के विद्यार्थियों को सीईओ जिला पंचायत ने किया मोटिवेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

संकल्प शिक्षण संस्थान पत्थलगांव में जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा,एडीएम सुश्री आकांक्षा त्रिपाठी एवं यशस्वी जशपुर के नोडल अधिकारी विनोद गुप्ता द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ ने बच्चों को सफलता के लिए आवश्यक टिप दिए।

इस अवसर पर बच्चों ने सिविल सेवा एवं यूपीएससी से संबंधित प्रश्न किए जिनका श्री मिश्रा ने अपने जीवन के अनुभवों को शामिल करते हुए जवाब दिया। उन्होंने बच्चों को कम समय में कैसे अधिक पढ़ाई करें एवं किस तरह मानसिक संतुलन बनाए रखें और अपना श्रेष्ठ कार्य करते रहें। उनके द्वारा कैरियर निर्माण से संबंधित आवश्यक निर्देश एवं सुझाव दिए गए। पत्थलगांव एसडीएम सुश्री आकांक्षा त्रिपाठी ने बच्चों को एक अच्छा नागरिक कैसे बने एवं उच्च चरित्रवान रहने की सोच दी तथा बच्चों को अच्छे इंसान बनाने की बात कही। संकल्प जशपुर के प्राचार्य विनोद गुप्ता ने टॉप 10 में अपना स्थान कैसे बनाएं इस संबंध में विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए अपने अनुभव शेयर कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने विद्यार्थियों को मेरिट में आने के लिए तीन सूत्र दिए, पहला सभी अपनी पूरी क्षमता से पढ़ाई करें, दूसरा प्रत्येक कार्य पूरे मन से करें तथा जो भी कार्य करें सर्वश्रेष्ठ तरीके से करें। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य धर्मेंद्र यादव एवं शाला के शिक्षकगण व अन्य कर्मचारी गण उपस्थित रहे।


बच्चों मोटिवेट करते अधिकारीगण।

### सीईओ ने संकल्प संस्थान का किया निरीक्षण

**जशपुरनगर।** केंद्र सरकार की विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी और क्रियान्वयन आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शुक्रवार को कई गांवों में शिविर आयोजित की गई। शिविर में विभिन्न योजनाओं में लाभान्वित लोगों ने मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत अपने-अपने अनुभव लोगों से साझा किए। आयोजित शिविरों में जशपुर विकासखंड के ग्राम जरिया, बुमतेल, पत्थलगाँव के ग्राम पाकरगांव, रघुनाथपुर, बगीचा के ग्राम चम्पा, फुलझर सहित अन्य ग्राम पंचायत शामिल हैं। इन ग्राम पंचायतों में आयोजित शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आमजनों की कई प्रकार की स्वास्थ्य जांच भी की गई। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाई और नागरिकों के पंजीकरण किए। शिविर में किसानों को जैविक खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, नैनो फर्टिलाइजर्स सहित उन्नत खेती से संबंधित अन्य जानकारी भी दी गई।

## गणित के विद्यार्थियों का भविष्य उज्जवल : डा.रक्षित


कार्यक्रम को संबोधित करते प्राचार्य डॉक्टर विजय रक्षित। उपस्थित छात्र-छात्राएं।

**जशपुरनगर।** शहर के शासकीय राम भजन राय एनईएस स्नातकोत्तर महाविद्यालय के स्वर्ण जयंती सेमिनार हॉल में शुक्रवार को महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्मदिवस को राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विजय रक्षित ने मां सरस्वती व गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित करन किया।

इस अवसर पर गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ केके प्रसाद ने कहा कि सभी जीव जंतु गणित जानते हैं किंतु शब्दों में बयान नहीं कर पाते हैं। उन्होंने गणित के विभिन्न पहलुओं के बारे में छात्र - छात्राओं को बताते हुए गणित के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। द्वितीय सोपान में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विजय रक्षित ने बताया कि सत्र 1984 से महाविद्यालय में गणित विषय का संचालन हो रहा है। महाविद्यालय ने इस विभाग के पूर्व प्राध्यापक एवं छात्र छात्राओं का उल्लेख करते हुए कहा,आज भी लोग शोध के संबंध में उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं। हमें उन्हें आदर्श मानकर कार्य करने की आवश्यकता है। गणित विभाग के अजय राजवाड़े अतिथि शिक्षक और किरण राजवाड़े राष्ट्रीय गणित दिवस मनाने को प्रोत्साहित किए। कार्यक्रम का संचालन में हेमराज और सत्यपाल ने किया और विभाग के रितु, वर्षा, गोविंदा, सुरेश, भीम नारायण, पूजा तिर्की रोशनी एवम सभी छात्र छात्राएं उपस्थिति रहें।

## प्रधानमंत्री जनमन योजना से विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों को किया जाएगा लाभान्वित



■ पोषण सहित अन्य योजनाओं की जानकारी देकर किया जागरूक

**जशपुरनगर।** प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत प्रशासनिक अमला जिले के बगीचा, कुनकुरी और मनोरा क्षेत्र के विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा,बिरहोर के पंचायत,बसाहट, टोला पारा एवं घर द्वार तक पहुंच कर बड़ी सरलता एवं आत्मीयता से पोषण चौपाल लगाकर विभिन्न प्रकार के समस्याओं एवं आवश्यकताओं से अवगत हुए। इस दौरान अधिकारियों ने कड़कड़ाते ठंड को देखते हुए स्वेटर, कंबल सहित खाद्यान्न सामग्री का वितरण किया। कुपोषण से मुक्ति दिलाने के लिए अधिकारियों ने पोषण चौपाल लगाकर पौष्टिक आहार के संबंध में जानकारी देकर जागरुक किया। कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल एवं जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा के निर्देशन में पीएम जनमन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विशेष शिविर का आयोजन बगीचा, मनोरा और कुनकुरी विकासखंड के विशेष जनजाति पहाड़ी कोरवा, बिरहोर क्षेत्र के 94 ग्राम पंचायत के अंतर्गत आश्रित ग्रामों में शिविर एवं बसाहट, टोलापारा, मोहल्ला में सर्वे किया गया। कलेक्टर ने सर्वे क्रियान्वयन के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने पी.एम.जनमन योजना के अंतर्गत जिले में विशेष रूप से विशेष पिछड़ी जनजाति समूह की सामाजिक आर्थिक उन्नति के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं को बेहतर क्रियान्वयन के लिए शिविर लगाकर समस्याओं से अवगत होने निर्देश दिए हैं। जिले के चिन्हांकित सभी पी.वी.टी.जी. समुदाय के लोगों को प्रधानमंत्री जनमन योजना का लाभ दिलाने मिशन मोड में कार्ययोजना बनाकर सर्वे कराने तथा शिविर के माध्यम से कैंप लगाकर विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के संबंधित अधिकारियों को दिए।

उन्होंने बेहतर क्रियान्वयन के लिए बेहतर कार्य योजना के बनाने के लिए कहा। शेष पिछड़ी जनजाति समुदाय की सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना संचालित की जा रही है। इसके अंतर्गत विभिन्न विभागों के समन्वय से पेयजल, आवास, सड़क, मोबाईल मेडिकल यूनिट, छात्रावास निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से पोषण, वनधन केंद्र की स्थापना, इंटरनेट एवं मोबाईल सर्विस की उपलब्धता तथा आजीविका संवर्धन हेतु कौशल विकास सहित महत्वपूर्ण गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री की पहल से मृतक नरसिंह के परिजन को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ कलेक्टर ने आंध्रप्रदेश में उपलब्ध कराया शव वाहन

रोजगार की तलाश में आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम गए, जशपुर निवासी प्रवासी मजदूर की संदिग्ध परिस्थिति में मृत्यु हो गई। मृतक के शव को गृहग्राम तक लाने के लिए मृतक के परिजनों ने शासन से सहायता मांगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर जिला प्रशासन ने शव वाहन उपलब्ध कराया।

जानकारी के अनुसार, जिले के फरसाबहार ब्लाक के पुरईनबंध निवासी मृतक नरसिंह पैंकरा, अपने दो साथियों के साथ रोजगार की तलाश में विशाखापट्टनम गया था। मृतक के साथियों ने बताया कि नरसिंह पैंकरा का शव दो दिन पूर्व विशाखापट्टनम के अंगोल में रेल पटरी से रेल्वे पुलिस ने बरामद किया था। मृतक का शव बरामद होने के बाद उसके साथियों के सामने शव को विशाखापट्टनम से पुरईनबंध लाने की समस्या खड़ी हो गई। ऐसे में मृतक के परिजनों ने सहायता के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से गुहार लगाई।

मुख्यमंत्री साय ने पहल करते हुए मृतक के शव को अंगोल से पुरईनबंध लाने के लिए वाहन की तत्काल व्यवस्था करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। अंगोल में शव वाहन की व्यवस्था होने पर मृतक का शव गुरूवार को गृहग्राम पुरईनबंध पहुंचा। यहां मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। संवेदनशीलता दिखाते हुए, सहायता के लिए मृतक के स्वजनों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और कलेक्टर रवि मित्तल का आभार जताया है।






**खबर संक्षेप**

### कर्ज माफी का वादा कर मुकर रही है भाजपा : भगवती



**सूरजपुर**। नारायणपुर के कुकड़ाझोर गांव के एक किसान द्वारा कर्ज बोझ के कारण की गई आत्महत्या दुखद और गंभीर हैं। जिला कांग्रेस अध्यक्ष भगवती राजवाड़े ने कहा कि भाजपा की असंवेदनशीलता और वायदा खिलाफी ने एक किसान को आत्महत्या करने को मजबूर कर दिया। यदि भाजपा सरकार ने पहली केबिनेट में 2 लाख तक कर्जा माफ कर दिया होता किसान को आत्महत्या नहीं करना पड़ता। किसान हीरू बढ़ई के ऊपर 1.24 लाख का कर्ज था उसको कर्ज माफी का भरोसा था और उसके पुत्र की भी शादी थी। कर्ज वसूली के नोटिस से वह मानसिक रूप से परेशान थे। मृतक किसान के बेटे ने भी कहा कि भाजपा के लोग चुनाव प्रचार के दौरान 2 लाख रुपये कर्ज माफ करने की बात कहकर गए थे। सरकार के कर्जमाफी के निर्णय नहीं लेने से वह व्यथित थे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष भगवती राजवाड़े ने कहा कि भाजपा के कई नेताओं ने अपने चुनाव प्रचार के दौरान किसानों के कर्जमाफी करने का वादा किया था। साथ ही इस संबंध में पाम्पलेट भी वितरित किया गया था। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के चुनाव प्रचार का वीडियों भी सोशल मीडिया में वायरल है जिसमें वे 2 लाख कर्जमाफी का वायदा कर रहे है। भाजपा की सरकार बनने पर 2 लाख तक सारे बड़े और छोटे किसानों का कर्जा माफ किया जाएगा। अब भाजपा की सरकार बन गई है तो भाजपा कर्ज माफी के वादे से मुकर रही है।

### सेंट्रल बैंक द्वारा ग्राहकों के साथ मनाया गया स्थापना दिवस

**लहपटरा**। गुरुवार को सेंट्रल बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा बैंक का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। सेन्ट्रल बैंक लहपटरा द्वारा 113 वें स्थापना दिवस के अवसर पर लोगों के साथ खुशियां मनाई गई। बैंक के शाखा प्रबंधक एवं कर्मचारियों द्वारा बैंक के सभी ग्राहकों को बधाई देने के साथ ही मिष्ठान का वितरण किया गया। इसके साथ ही बैंक प्रबंधन द्वारा ग्राहकों को बैंक द्वारा जी जाने वाली सुविधाओं व योजनाओं की जानकारी दी गई।

### खड़े ट्रक से टकराया बाइक सवार, मौत

**अम्बिकापुर**। रिश्तेदार के यहां बाइक से जा रहा युवक लखनपुर नवापारा के समीप सड़क किनारे खडे ट्रक के पीछे जा घूसा। दुर्घटना में गंभीर हुए युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम जरहाडीह निवासी संजय राम आ. सुखनंदन कंवर 18 दिसंबर की रात बाइक से दरिमा अंतर्गत ग्राम बेलखरिखा रिश्तेदार के यहां जा रहा था। जैसे ही युवक लखनपुर नवापारा के समीप पहुंचा तभी सड़क किनारे खड़े ट्रक के पीछे जा टकराया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की जानकारी लगने परिजन उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

### दुकान का छप्पर तोड़ चोरों ने पार किया 40 बोरी धान

**अम्बिकापुर**। ग्राम मानपुर स्थित एक किराना दुकान का छप्पर तोड़ कर चोरों ने दुकान में रखे 40 बोरी धान को पार कर दिया। संचालक ने घटना की रिपोर्ट प्रतापपुर थाने में दर्ज कराई है। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध चोरी का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार प्रतापपुर थाना अंतर्गत ग्राम केरता निवासी सुदामा गिरी आ. बंशी गिरी का ग्राम मानपुर स्थित घर से लगा किराना दुकान है। गत दिन दुकान बंद कर घर आ गया। दूसरे दिन दुकान का ताला खोलकर अंदर गया तो देखा छप्पर टूटा व कमरे में रखे 40 बोरी धान गायब था। दुकान में चोरी होने की रिपोर्ट संचालक ने प्रतापपुर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## राजस्व विभाग को लाखों के रायल्टी का नुकसान

# बिना अनुमति ठेकेदार ने शासकीय भूमि से किया सैकड़ों ट्रैक्टर मिट्टी का खनन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

किसी भी निर्माण कार्य या उत्खनन के लिए संबंधित विभाग से अनुमति की आवश्यकता होती है। बगैर अनुमति के निर्माण सहित खनन कार्य अवैध होता है। हैरानी की बात यह है करोड़ की लागत से बन रही सड़क की निर्माण कार्य की अनुमति पर ठेकेदार ने कार्य प्रारंभ कर दिया परंतु सड़क की मिट्टी फीलिंग के लिए शासकीय भूमि से मिट्टी खनन के लिए अनुमति लेना भूल गए। आलम यह है कि बिना अनुमति लिए ही शासकीय भूमि से सैकड़ों ट्रैक्टर मिट्टी का खनन ठेकेदार द्वारा किया गया जिसकी भनक विभाग को नहीं लगी। अब विभाग भी ठेकेदार द्वारा किए गए खनन को गलत ठहराने के साथ कार्रवाई करने की बात कह रही है।

**खास बात**

- सड़क निर्माण में कर रहे प्राकृतिक संपदा का दोहन

जिला मुख्यालय से लगे गांव के ग्रामीणों को अतिरिक्त दूरी तय न करना पड़े और लगभग 10 से 15 पंचायतों का संपर्क सीधे जुड़ सके। इसके लिए रेण नदी पुल के दोनों ओर पक्की सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। लंबे समय से की जा रही मांग पर चुनाव के बाद लोक निर्माण विभाग ने मुख्य मार्ग से सरस्वतीपुर सड़क निर्माण का कार्य शुरू कर दिया है। लगभग 6 करोड़ की लागत से बन रही 3.77 किलोमीटर सड़क निर्माण के पहले क्रम मिट्टी पटाई के काम शुरू की गई है जिस मुख्य मार्ग से सरस्वतीपुर तक मिट्टी डालना है। लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क निर्माण में ठेकेदार की मनमानी देखने को मिली है,जहां ठेकेदार ने सभी नियमों को दरकिनार कर प्राकृतिक संपदा का दोहन किया जा रहा है। छठ घाट से सरस्वतीपुर गांव के लिए करोड़ों रुपए के लागत से सड़क निर्माण किया जा रहा है, जिसमें सड़क निर्माण के पहले सैकड़ों ट्रैक्टर मिट्टी फीलिंग करना है। परंतु ठेकेदार राजस्व विभाग से बिना अनुमति लिए ही रेण नदी के घाट स्थित लगभग पांच एकड़ शासकीय भूमि से अवैध रूप से मिट्टी निकालकर सड़क निर्माण में लगा दिया है। जिससे खनिज और राजस्व विभाग को लाखों रूपए का रॉयल्टी का नुकसान हो रहा है। मिट्टी खनन का कार्य शहर के करीब से दिन दहाड़े किया जा रहा है जिसकी भनक खनिज और राजस्व विभाग को नहीं लगी। काफी दिन बाद जब संबंधित विभाग को अवैध मिट्टी खनन की जानकारी लगी तो उसके खिलाफ कारवाई की बात भी कही है।



शासकीय भूमि से ट्रैक्टर में मिट्टी लोड करते जेसीबी।

**गुणवत्ता का नहीं दे रहे ध्यान**

एनएच 43 से सरस्वतीपुर तक करोड़ों की लागत से सड़क निर्माण तो किया जा रहा है परंतु गुणवत्ता का ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सड़क निर्माण के प्रारंभिक दौर में न तो पुरानी सड़क को उखाड़ा गया और न ही नियम के मुताबिक मिट्टी पाटने का काम किया जा रहा है। ऐसे में सड़क पर मिट्टी की पतली परत बिछा कर खानापूर्ति की जा रही है। ऐसे में सड़क कितना टिकाऊ होगा यह तो समय पर निर्भर है। इधर गुणवत्ताहीन निर्माण को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

**दुर्घटना की संभावना**

जिला मुख्यालय आने के लिए जिस मार्ग का उपयोग क्षेत्र के ग्रामीण करते है उसकी हालत काफी जर्जर हो चुकी है। ग्रामीणों को पुल के मार्ग से जिला मुख्यालय की दूरी काफी कम होती है परंतु सड़क की हालत जर्जर होने से ग्रामीण इस मार्ग का उपयोग करना मुनासिब नहीं समझते जिससे उन्हें अतिरिक्त दूरी तय करना पड़ता है। वहीं जो जर्जर मार्ग से आवागमन करने है उन्हें जर्जर सड़क के कारण हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। इस मार्ग में पूर्व में भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी है।

**कलेक्टर को दी गई है सूचना**

संबंधित ठेकेदार द्वारा बिना अनुमति के सैकड़ों ट्रैक्टर मिट्टी शासकीय भूमि से खनन कर सड़क बनाने में की गई है। इसकी सूचना कलेक्टर संजय अग्रवाल को दी गई है। कलेक्टर ने बिना परमिशन मिट्टी खनन के मामले में ठेकेदार से पेनाल्टी वसूली की प्रक्रिया करने की बात कही है।

-रवि सिंह, एसडीएम सूरजपुर



निलंबन के विरोध में प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

## सांसदों को निलंबित करने के विरोध में धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

केन्द्र सरकार के द्वारा संसद के दोनों सदनों से विपक्ष के 146 सांसदों को निलंबित करने के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी ने शुक्रवार को जिला कांग्रेस कार्यालय के सामने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। कांग्रेस के पदाधिकारियों के द्वारा सांसदों के निलंबन और लोकतांत्रिक आधार पर गंभीर हमले का पुरजोर विरोध करते हुए राजीव भवन के समक्ष 12 से दोपहर 3 बजे तक धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने केन्द्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और 146 सांसदों के निलंबन को रद्द करने की मांग की है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता के नेतृत्व में धरना देते हुए पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला, कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष नजीर अजहर, वरिष्ठ कांग्रेसी बृजवासी तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह, प्रवीर भट्टाचार्य, अशोक जायसवाल, भूपेन्द्र यादव, रियाजुउद्दीन, साहेब सिंह काकू, जिले के सभी वरिष्ठ कांग्रेसी एवं कार्यकर्ता काफी संख्या में उपस्थित रहे।



प्रशिक्षण में उपस्थित महिलाएं।

## मनेन्द्रगढ़ परियोजना के पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ एमसीबी

परिपोषक पालकत्व योजनांतर्गत बाल विकास परियोजना मनेन्द्रगढ़ सहित सभी परियोजना में प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रत्येक पर्यवेक्षक सेक्टर स्तर पर आयोजित किया जाना है। इस कड़ी में प्रथम चक्र के प्रशिक्षण के तहत मनेन्द्रगढ़ परियोजना के अंतर्गत बाल विकास परियोजना मनेन्द्रगढ़ के पर्यवेक्षक सेक्टर केल्हारी, कछौड़, बिहारपुर, झगराखांड, मनेन्द्रगढ़ शहरी, पाराडोल में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सेक्टर पाराडोल में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी द्वारा परिपोषक पालकत्व कार्यक्रम की रूपरेखा एवं मंशा से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया गया तथा एक गतिविधि स्वयं करके बताई गई। जिले के सभी परियोजनाओं के प्रत्येक पर्यवेक्षक सेक्टर में यह प्रशिक्षण इस सप्ताह के भीतर पूर्ण किया जाएगा। परिपोषक पालकत्व ईसीसीई नीति के तहत प्रदेश में चल रहे। संस्कार अभियान अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों शाला पूर्व शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बच्चों के संस्कारों को बढ़ाने की दृष्टि से आयोजित किया जा रहा है।

## संकुल स्तरीय बाल शोध मेले में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा, पांच विद्यालय से 155 बच्चे हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

संकुल केंद्र सोनतराई में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सहयोग से संकुल स्तरीय बाल शोध मेले का आयोजन किया गया। बाल शोध मेला में संकुल केंद्र के पांच विद्यालय से कुल 155 बच्चे शामिल हुए। इस दौरान बच्चों ने विभिन्न विषय पर शोध करते हुए अपनी प्रस्तुति दी। अधिकारियों ने बताया कि शोध प्रस्तुत करने के लिए पूर्व में ही गणित, हिंदी, विज्ञान, अंग्रेजी, पर्यावरण, सामाजिक विज्ञान आदि विषय की जानकारी दी जा चुकी थी। बच्चों ने शिक्षकों के सहयोग से विषयवार शोध करते हुए उससे संबंधित पोस्टर एवं प्रदर्शनी लगाई। इसके अलावा बच्चों ने पाठ्यपुस्तक एवं विभिन्न गतिविधियों से जुड़े कार्यो का भी संकलन किया था जिसे उन्होंने प्रदर्शनी के तौर पर बाल शोध मेला में प्रस्तुत किया। इस दौरान बाल शोध मेला का निरीक्षण करने पहुंचे बीईओ मिथिलेश सिंह सेंगर, एबीईओ महेश सोनी, बीआरसी रमेश सिंह ने इस आयोजन की सराहना की। बीइओ ने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों को काफी कुछ सीखने का अवसर प्राप्त होता है। ऐसे आयोजनों से बच्चों के अंदर शिक्षा के साथ जुड़कर अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है। जब किसी चीज का शोध होता है तो उससे जुड़ी तमाम जानकारी का पता चलता है। इसके जरिये भविष्य में बच्चे हर पहलू पर शोध करके उससे जुड़ी जानकारी प्राप्त कर सकते है। कार्यक्रम का संचालन प्रधानपाठक रचना सोनी ने किया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि अनिल गुप्ता, शिक्षक लक्ष्मण लकड़ा, नीलमणि बेक, सविता आप्टे, जयबीना कुजूर, लक्ष्मनिया कच्छप, शिरीन गुप्ता, शारदा तिवारी, जरबिना लकड़ा, रेखा मिश्रा, नमिता गुप्ता, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के ज्ञानप्रकाश आदि उपस्थित थे।



मेला में शामिल बच्चे।



## मिमिक्री मामले में भाजपा ने जताई आपत्ति

- भाजपा ने किया विरोध प्रदर्शन, फूंका पुतला

**अम्बिकापुर**। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड के विरूद्ध टीएमसी सांसद की आपत्तिजनक मिमिक्री करने तथा राहुल गांधी द्वारा वीडिया बनाकर उपराष्ट्रपति का मजाक बनाये जाने के विरोध में भाजपा नगर मंडल ने घडी चौक पर सांसद राहुल गांधी और टीमसी सांसद के कृत्य पर आपत्ति जताई। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह ने कहा कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और उनके परिवार ने हमेशा देश के संवैधानिक पदों की गरिमा को ठेस पहुंचाई है। इसके पूर्व कांग्रेस ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का भी अपमान किया था। प्रेस के सामने सरकार का आर्डिनेंस फाड़कर राहुल गांधी अपनी ही सरकार के प्रधानमंत्री का अपमान किया है। भाजपा इस कृत्य की घोर निंदा करती है। मंडल अध्यक्ष मधुसूदन ने कहा कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सदन परिसर में उपराष्ट्रपति का अपमान कर लोकतंत्र को कलंकित किया है। उन्हें तत्काल अपने कृत्य के लिए माफी मांगनी चाहिए। इस दौरान जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता, भारत सिंह सिसोदिया, प्रशांत त्रिपाठी, अंबिकेश केशरी, राजकुमार बंसल, त्रिलोक कपूर कुशवाहा, मुरारी बंसल, विकास पांडे, मधु चौदहा, संतोष दास, आलोक दुबे, रूपेश दुबे, अभिषेक शर्मा, मनोज गुप्ता, बलराम जायसवाल, राजबहादुर शास्त्री सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### दुर्घटना में घायल भाजपा कार्यकर्ता से मिलने पहुंचे विधायक

**लखनपुर/रजपुरीकला**। एमजी रोड पीजी कॉलेज के सामने वाहन की चपेट में आने से भाजपा कार्यकर्ता गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल का रायपुर स्थित निजी अस्पताल में उपचार जारी है। इधर घटना की जानकारी लगने पर विधायल राजेश अग्रवाल रायपुर अस्पताल पहुंच घायल से मुलाकात की साथ ही परिजन का हौसला बढ़ाया।

## ट्रैक्टर से जुताई के दौरान रोटावेटर में फसने युवक की मौत

**लखनपुर**। खेत में जुताई करने के दौरान रोटावेटर मशीन में फंसकर युवक की मौके पर ही मौत हो गई। युवक खेत में काम करते समय रोटावेटर की चपेट में आ गया जबकि घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को बाहर निकाला गया। बताया जा रहा है कि थाना अंतर्गत ग्राम जोतपुर झाबर निवासी 21 वर्षीय जितेश्वर आ. राम सुन्दर राजवाड़े आज खेत में जुताई का काम करवा रहा था। इस दौरान ट्रैक्टर में रोटावेटर लगाकर खेत की जुताई की जा रही थी। जुताई के दौरान अचानक ही चालक की लापरवाही से युवक रोटावेटर में फंस गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इधर घटना के बाद चालक वाहन को छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को पीएम के लिए मर्च्युरी में रखवाया गया है और मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है।

## कोरोना के नए वैरिएंट को लेकर स्वास्थ्य केंद्रों में अलर्ट मोड पर तैयारी

- देश में नए वैरिएंट जेएन.1 के संक्रमण होने के कई मरीजों की हुई है पुष्टि

**बिश्रामपुर**। कोरोना के नए वैरिएंट जे एन .1 के बढ़ते संक्रमण के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग द्वारा अलर्ट मोड पर तैयारी शुरू कर दी गई है। स्वास्थ्य अमले द्वारा कोविड मरीजों के उपचार हेतु आक्सजीन सिलेंडर के अलावे बेड सहित अन्य आवश्यक कार्यवाही हेतु पहल शुरू की है। जानकारी के अनुसार देश में केंद्र एवं राज्यों के संयुक्त प्रयास से कोविड-19 संक्रमण नियंत्रण में है, परन्तु इन दिनों पुनः देश के कुछ राज्यों में कोरोना के नए वैरिएंट जे एन .1 के मरीजों की संक्रमण होने की कुछ संख्या में पुष्टि हुई है। ऐसी स्थिति में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आगामी नव-वर्ष एवं त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए कोविड संक्रमण के रोकने हेतु रेस्पिरेटरी हाइजिन और कोविड अनुरूप व्यवहार का पालन करने की बात आमजन से की ही है। सूरजपुर बीएमओ डॉ.प्रशांत सिंह ने बताया कि सभी शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों में आने वाले संदिग्ध मरीजों के प्रकरणों की सतत निगरानी शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि आर टी-पीसीआर जांच में धनात्मक आने वाले प्रत्येक सैंपल को जांच हेतु एम्स रायपुर भेजा जाएगा, जिससे नए वैरिएंट जे एन .1 की पहचान की जा सके। उन्होंने बताया कि सभी शासकीय एवं निजी चिकित्सालयों में कोविड-19 की उपकरणों की क्रियाशीलता, दवाओं की उपलब्धता एवं अन्य तैयारियों के आंकलन हेतु मॉक ड्रिल भी किए जाएंगे। सूरजपुर बीएमओ व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिश्रामपुर प्रभारी डॉ.प्रशांत सिंह ने बताया कि बिश्रामपुर स्वास्थ्य केंद्र में वर्तमान स्थिति में आक्सीजन सिलेंडर 19 नग, आक्सीजन कांसेंटट्रेटर 18 नग व जंबो सिलेंडर 41 नग उपलब्ध हैं।



# चरित्रशंका पर पति ने की गर्भवती पत्नी की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

चरित्र शंका पर लम्बे समय तक अपनी पत्नी को प्रताड़ित करने के उपरांत गुरूवार को तड़के आरोपी पति अपनी गर्भवती पत्नी की बेरहमी पूर्वक हत्याकर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतिका का पीएम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी है तथा आरोपी की तलाश में जुटी है।

- तीन दिनों से कर रहा था मारपीट, ग्राम महुली की घटना

ग्राम मोहली निवासी कमलेश साकेत आ. गौतम साकेत (21 वर्ष) ने दो वर्ष पूर्व करोंटी ए निवासी लीलामती खैरवार के साथ प्रेम विवाह किया था। कुछ महीने पूर्व लीलामति ने एक बच्चे को जन्म दिया था जिसकी मौत होने के बाद वह बाहर चली गई थी। पति ने थाने में उसके गुम होने की रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी। चार-पांच महीने पहले लीलामति वापस अपने घर लौट आई थी तथा पति के साथ रह रही थी। उसके वापस घर लौटने के बाद पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता था तथा पति अपनी पत्नी की बेदम पिटाई करता था। पति-पत्नी चरित्र शंका को लेकर पिछले दिनों से आपस में विवाद कर रहे थे। बुधवार को विवाद करने के बाद दम्पती जंगल की ओर गए थे तथा लौटने पर खाना खाकर सो गए। रात में आरोपी पति ने कड़ाही में तेल गर्म कर पत्नी के चेहरे पर छिड़क दिया। आरोपी ने घर में सो रहे अपने माता-पिता के दरवाजे को बाहर से बंद कर दिया था तथा तड़के पति-पत्नी विवाद करने लगे। पति द्वारा मारपीट करने पर लीलामति किसी तरह बाहर निकली एवं सास-ससुर के दरवाजे की सांकरण खोलने लगी। कमलेश पत्नी को पकड़कर वापस कमरे में लाकर उसकी पिटाई करने लगा। इस दौरान उसके माता-पिता ने बीच-बचाव की कोशिश की तो आरोपी उनकी हत्या करने की धमकी देने लगा। डरे-सहमे माता-पिता ग्रामीणों को बुलाने बस्ती में चले गए। माता-पिता लौटे तो लहुलूहान लीलामति को देख सन्न रह गए। आरोपी ने अपने माता-पिता को किसी से भी कुछ कहने पर उन्हें जान से मारने की धमकी देने लगा। सुबह होने पर वह घर में रखा 1 बोरी धान बेचने के लिए निकला, जिसके बाद वापस नहीं लौटा। परिजन के बचाव से हत्या की पुष्टि होने के उपरांत पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है। मृतिका का पीएम कराने के बाद पुलिस ने लाश परिजन को सौंप दी है। पुलिस आरोपी द्वारा पहले गमछे से पत्नी की गला घोटने के बाद किसी कठोर वस्तु से सिर पर हमला कर उसकी हत्या करने की संभावना जता रही है।

थाना प्रभारी जेएस कंवर ने बताया कि आरोपी अपराधी प्रवृत्ति का था। उसके विरूद्ध थाने में मारपीट व चोरी व छिनैती से संबंधित 10 प्रकरण पंजीबद्ध है। आरोपी की तलाश की जा रही है।



घटना स्थल का निरीक्षण करते पुलिस अधिकारी।

### गर्ल्स स्कूल की छात्राओं द्वारा किया गया रेल्वे स्टेशन बिश्रामपुर का औद्योगिक भ्रमण

**बिश्रामपुर**। राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान अंतर्गत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विश्रामपुर के प्राचार्य आशीष भट्टाचार्य के मार्गदर्शन में विद्यालय में संचालित व्यवसायिक पाठ्यक्रम टेलीकम्युनिकेशन में अध्ययनरत छात्राओं को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा एवं हुनरमंद बनाने के उद्देश्य से कक्षा 11 वीं एवं 12 वीं की छात्राओं को रेल्वे स्टेशन बिश्रामपुर में औद्योगिक भ्रमण कराया गया। स्टेशन मास्टर डीके पाल द्वारा सिग्नल मैनेजमेंट में उपयोग में आने वाले उपकरणों का विवरण छात्राओं को बड़े ही सहजता से बताया गया। छात्राओं से बात करने पर पता चला कि उन्हें इस प्रकार के भ्रमण से अध्ययन में बहुत ही सुविधा प्राप्त होती है एवं नई चीजें एवं तकनीकी सीखने को मिलती है। इस व्यावसायिक भ्रमण में टेलीकम्युनिकेशन के व्यवसायिक प्रशिक्षक गणेश कश्यप, थलेश्वर राजवाड़े एवं विद्यालय की शिक्षिका प्रभा मिंज मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### देश को 2047 तक विकसित बनाने की दिलाई शपथ

**रामानुजनगर**। कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं जिला शिक्षा अधिकारी राम ललित पटेल के निर्देशन में एवं बीईओ पंडित भारद्वाज, एबीईओ मनोज साहू के मार्गदर्शन में शासकीय माध्यमिक शाला पतरापाली में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। सर्वप्रथम सभी छात्रों एवं शिक्षकों ने भारत को 2047 तक पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने का शपथ लिया। कार्यक्रम प्रभारी योगेश साहू ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा पूरे भारत में, एक परिवर्तनकारी अभियान चल रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा, आशा का एक जीवंत कारवां है। यह सभी भारतीयों के घरों तक सशक्तिकरण और उज्जवल भविष्य को सुनिश्चित करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 15 नवंबर को झारखंड के खूंटी से विकसित भारत संकल्प यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यात्रा का उद्देश्य विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक करना है। विद्यालय में भाषण, चित्रकला एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

